# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

----

**[गृह विभाग - वाणिज्य कर विभाग - वित्त विभाग - मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग - सिविल विमानन विभाग - निगरानी विभाग - गन्ना उद्योग विभाग - सूचना एवं जन-संपर्क विभाग - सामान्य प्रशासन विभाग - उद्योग विभाग - अल्पसंख्यक कल्याण विभाग - सूचना प्रावैधिकी विभाग - निर्वाचन विभाग ].**

**कुल तारांकित प्रश्न 101**

----

### कब्रिस्तान की घेराबंदी

*316 **मो० सरवर आलम (55) (कोचाधामन):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड के डेरामाड़ी पंचायत में बाँभनगाँव काटागढ़ कब्रिस्तान में घेराबंदी नहीं है, हाँ तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

### पुलिस चौकी का निर्माण

*317 **श्री अमरेन्द्र कुमार (219) (गोह ):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत गोह प्रखण्ड के अमारी पंचायत के महदीपुर ग्राम में अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित है तथा यह एक अति संवेदनशील उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र है, यदि हाँ तो सरकार कब तक पुलिस भवन का निर्माण कराकर स्थायी

चौकी स्थापित करने और जवानों के रहने की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अतिथि गृह का निर्माण

*318 **श्री जनक सिंह** (116) (**तरैया** ):

**सामान्य प्रशासन विभाग :-**

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1 क्या यह बात सही है कि सारण जिलाअंतर्गत तरैया प्रखण्ड जो जिला मुख्यालय से 50 कि0मी0 की दूरी पर है, लेकिन यहाँ जन प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को ठहरने के लिए अतिथि गृह नहीं है;

2 क्या यह बात सही है कि सारण तटबंध को बरसात के समय सुरक्षा एवं अन्य आपदा हेतु बाहर से अपने जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के दौरा के समय ठहरने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है;

3 यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त क्षेत्रों में अतिथि गृह बनाने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

*319 **श्री जिवेश कुमार** (87) (**जाले**):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत जाले एवं सिंहवाड़ा थाना का भवन बहुत पुराना और जर्जर हो चुका है तथा दोनों थाना में पदाधिकारी एवं थाना में पदस्थापन कर्मी के लिए आवासन हेतु भवन भी जर्जर हो गया है;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त थाना का भवन एवं पदाधिकारी एवं कर्मी के आवासन हेतु मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव के द्वारा ज्ञापांक 5540312 दिनांक 24.01.2025 को पत्र के द्वारा अपर मुख्य सचिव गृह विभाग को कृत कारवाई करने हेतु लिखा गया है, लेकिन आजतक कार्रवाई नहीं की गयी है जबकि भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार उक्त दोनों थाना कार्यालय तथा पदाधिकारी एवं कर्मियों के आवासन हेतु भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो,कब तक,नहीं तो क्यों ?

----

## उपकारा का निर्माण

***320 श्री अजय कुमार** (231) (**टिकारी** ):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1. क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वर्ष 1994 से प्रखंड टिकारी को अनुमंडल का दर्जा प्राप्त होने के 32 वर्षो के उपरांत भी अभी तक यहाँ पर अनुमंडलीय कारागार का निर्माण नहीं रहने से सजा प्राप्त /विचाराधीन कैदियों को गया सेंट्रल कारागार या शेरघाटी उपकारा में स्थानांतरित किया जाता है,यदि हाँ, तो सरकार कबतक टिकारी अनुमंडल में एक उपकारा का निर्माण करवाने का विचार करती है, नहीं तो क्यों?

----

## अनुमंडल का निर्माण

***321 श्री शंकर प्रसाद** (97) (**पारू**):

**सामान्य प्रशासन विभाग** क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला का पश्चिमी क्षेत्र, जिसमें सरैया, पारू और साहेबगंज प्रखंड शामिल हैं, जो जिला मुख्यालय से लगभग 40 से 60 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और उक्त तीनों प्रखंडों की सम्मिलित आबादी 15 लाख से अधिक है,
2. क्या यह बात सही है कि सरैया में पहले से ही पुलिस अनुमंडल (Dy.S.P.) कार्यालय सुचारू रूप से कार्यरत है, जो इसे सिविल अनुमंडल बनाने का पर्याप्त आधार है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरैया, पारू और साहेबगंज को मिलाकर 'सरैया' को विधिवत अनुमंडल (Sub-division) बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक ,नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

***322 श्री मंजीत कुमार सिंह** (100) (**बरौली** ):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री,गृह विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखंड के माधोपुर थाना का अपना भवन नहीं है, जबकि वितीय वर्ष 25-26 में माधोपुर थाना भवन निर्माण हेतु पुलिस

भवन निर्माण निगम द्वारा निविदा प्रकाशित की गई थी, लेकिन आज तक थाना भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हाँ तो सरकार उक्त थाना के भवन का निर्माण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## अनुमंडल का निर्माण

*323 **मोहम्मद मुर्शिद आलम** (50) (**जोकीहाट**):

**सामान्य प्रशासन विभाग :-**

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1.क्या यह बात सही है कि अररिया जिला में अररिया सदर तथा फारबिसगंज अनुमंडल है एवं उक्त अनुमंडलों में जनसंख्या एवं कार्यभार अधिक होने के कारण प्रशासनिक कार्यो में काफी कठिनाई होती है;

2.क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के जोकीहाट,पलासी,सिकटी,कुर्साकांटा प्रखंडों को मिलाकर जोकीहाट को अनुमंडल बनाने की सभी अहर्ताएं मौजूद हैं;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार खंड (2) में अंकित प्रखंडों को मिलाकर जोकीहाट को अनुमंडल कब तक बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*324 **डॉ. प्रकाश चंद्र** (220) (**ओबरा**):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड अन्तर्गत बभनडीहा पंचायत के कोराईपुर ग्राम में एवं बेल पंचायत के बेलगॉव से उत्तर कब्रिस्तान अवस्थित है, जिसका घेराबंदी का कार्य नहीं कराया गया है, जिसके कारण असमाजिक तत्वों एवं अवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है, जिससे कठिनाई होती है यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## औद्योगिक क्षेत्र विकसित करना

*325 **श्री राम सिंह** (04) (**बगहा**):

**उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री ,उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1. क्या यह बात सही है कि, पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत बगहा अनुमंडल के रतवल - धनहा पुल के समीप जिला पदाधिकारी पश्चिम चंपारण द्वारा 1719 एकड़ जमीन मेगा-टेक्सटाइल पार्क के निर्माण हेतु चिन्हित कर बिहार सरकार को समर्पित किया गया था; यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त स्थान को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## थाना भवन का पुनर्निर्माण

*326 **श्रीमती बेबी कुमारी** (91) (**बोचहां (अ० जा०)**):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग ,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बोचहां विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत अहियापुर थाना का भवन बिल्कुल जर्जर है, क्या सरकार अहियापुर थाना भवन का पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदीवारी एवं बैरक का निर्माण

*327 **श्री नीतीश मिश्रा** (38) (**झंझारपुर**):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर अनुमंडल मुख्यालय स्थित झंझारपुर थाना परिसर के लंबित चहारदीवारी एवं बैरक निर्माण हेतु स्वीकृत्यादेश संख्या-14310, दिनांक-6.11.2023 द्वारा कुल प्राक्कलित राशि 107.746( एक करोड़ 7 लाख 74 हजार 600) रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिल गयी है, जिसे महानिदेशक सह अध्यक्ष-सह प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम पटना को उपलब्ध करा दिया है परन्तु कार्यारंभ नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार झंझारपुर अनुमंडल मुख्यालय परिसर स्थित थाना की चहारदीवारी एवं बैरक निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण

*328 **श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता** (11) (**सुगौली**):

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग :-**

क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत रामगढ़वा प्रखंड में PMJVK (प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम) अन्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय 15- सूत्री कार्यान्वयन समिति से पारित योजना ग्राम पंचायत मंगलपुर पटनी के वार्ड सं0-11 में स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य अभी तक नही हो पाया है, जबकि PMJVK योजना मद में राशि उपलब्ध है, यदि हाँ तो सरकार उक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र का निर्माण कार्य कबतक कराने की विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## फायर स्टेशन स्थापित कराना

*329 **सुश्री मैथिली ठाकुर** (81) (**अलीनगर**)**:**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र में क्रमशः अलीनगर, तारडीह एवं घनश्यामपुर प्रखण्डों में फायर स्टेशन स्थापित नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों में फायर स्टेशन के अभाव में आगजनी एवं अन्य घटित घटनाओं में अलीनगर (घनश्यामपुर) से लगभग 23-25 किलोमीटर की दूरी पर बेहरा में फायर स्टेशन स्थापित होने के कारण राहत कार्य समय पर नहीं मिल पाता है, जिस कारण आये दिन मवेशियों के साथ-साथ ग्रामीणों के जान पर भी हमेशा गंभीर खतरा बना रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में फायर स्टेशन स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

*330 **श्री मिथिलेश तिवारी** (99) (**बैकुण्ठपुर**)**:**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें कि:-

1. क्या यह बात सही है कि वर्ष 1990 से 2015 के बीच मिशनरी (धार्मिक यात्रा) वीजा पर गोपालगंज परिभ्रमण हेतु 173 नागरिक पाकिस्तान, रूस व उज़्बेकिस्तान से आये थे,

2. क्या यह बात सही है कि तत्कालीन गोपालगंज एस० पी० के पत्रांक 396 दिनांक 28.11.2015 के द्वारा कराची व रावलपिंडी से 167, उज़्बेकिस्तान से 5 व रूस से 1 नागरिक की धार्मिक यात्रा के अंतर्गत गोपालगंज आने की पुष्टि हुई है,

3. क्या यह बात सही है कि उक्त अवधि में गोपालगंज धार्मिक यात्रा पर पहुंचे विदेशी नागरिकों के स्वदेश वापस जाने की सूचना जिला प्रशासन के पास उपलब्ध नहीं है?

4. यदि उपर्युक्त  खंडो  के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर अवैध विदेशी नागरिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने का विचार रखती है; हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## अग्निशामक वाहन की व्यवस्था

*331 **अखतरूल ईमान** (56) (**अमौर**)**:**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला अंतर्गत अनगढ़ थाना में अग्निशामक वाहन उपलब्ध नहीं है,
2. क्या यह बात सही है कि उक्त थाना मे अग्निशामक  वाहन नहीं रहने के कारण आगजनी के समय अन्य नजदीकी थाना से वाहन आग बुझाने हेतु बुलाया जाता है, तबतक लोगो का घर-माल जलकर राख हो जाता है,
3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार अनगढ़ थाना में अग्निशामक  वाहन कबतक  उपलब्ध कराने का विचार रखती है,  नही तो क्यों ?

----

## जमीन बिक्री पर रोक लगाना

*332 **श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव** (17) (**पिपरा**)**:**

**गन्ना उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे की

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के बारा चकिया में  चीनी मिल बंद है  और चकिया चीनी मिल की जमीन धड़ल्ले से बिक्री की जा रही है ; यदि हाँ  तो सरकार बारा चकिया में चीनी मिल की जमीन बिक्री पर रोक लगाने एवं चीनी मिल का  पुनः कबतक चालू कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों?

----

## चहारदिवारी का निर्माण

*333 **श्री विजय कुमार खेमका** (62) (**पूर्णियाँ** )**:**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया विधान सभा अंतर्गत संत कवरिया कब्रिस्तान में अब तक चहारदिवारी निर्माण नहीं होने से कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण एवं सामाजिक असुविधा की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की चहारदिवारी

का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करना

***334 श्रीमती स्नेहलता (208) (सासाराम ):**

**उद्योग विभाग** क्या मंत्री ,उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की -

1. क्या यह बात सही है कि सासाराम विधानसभा के रामडीहरा (चूरेसर मौजा) में सीमेंट निर्माण के लिए आवश्यक चूना पत्थर का विशाल भंडार उपलब्ध है? यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर एक सीमेंट फैक्ट्री स्थापित करने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***335 डॉ. कुमार पुष्पंजय (170) (बरबीघा ):**

**वित्त विभाग :-**

क्या मंत्री, वित्त विभाग ,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1 क्या यह बात सही है कि राज्य में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के व्यावसायिक बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम छमाही में वार्षिक साख योजना (एसीपी) के तहत कृषि क्षेत्र के लिये निर्धारित लक्ष्य 01,12,000 करोड़ की तुलना में मात्र 31,120 करोड़ रूपये ही किसानों को ऋण वितरित किये गये हैं;

2ः क्या यह बात सही है कि एसएलबीसी की निगरानी और नियंत्रण के बावजूद राज्य में बैंकों द्वारा खेती और किसानी की उपेक्षा की जा रही है;

3 यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार कृषि क्षेत्र की उपेक्षा करने वाले बैंकों पर कौनसी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## ओ0पी0 का गठन

***336 श्री कृष्ण कुमार ऋषि (59) (बनमनखी (अ० जा०)):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बनमनखी अनुमंडल से लगभग 10

किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित ग्राम पंचायत - हरिमुढी एवं ग्राम पंचायत - कचहरी बलुआ जो अररिया जिला के सीमा के पास है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण उक्त स्थानों पर असामाजिक तत्वों के द्वारा आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर दूसरे जिला में प्रवेश कर जाते है, जिससे स्थानीय लोग दहशत में रहते है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये हरिमुढ़ी एवं कचहरी बलुआ में थाना या ओ0पी0 का गठन करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आर्म्स लाइसेंस देना

*337 **श्री आलोक कुमार सिंह** (210) (**दिनारा**):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतालने की कृपा करेंगे कि:-
1. क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री जी द्वारा संपूर्ण बिहार के त्रिस्तरीय पंचायत के मुखिया को उनके जान माल की सुरक्षा देखते हुए शस्त्र लाइसेंस देने के लिए सभी जिला पदाधिकारियों को एक वर्ष पूर्व निर्देश किए थे; यदि हाँ, तो सरकार राज्य के पंचायत मुखिया को आर्म्स लाइसेंस कब तक मुहैय्या कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## रोजगार की व्यवस्था

*338 **श्री रोहित पाण्डेय** (156) (**भागलपुर**):

**उद्योग विभाग** :-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग ,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला स्थित **को-ऑपरेटिव स्पिनिंग मिल्स** (**स्थापना** 1982, **उत्पादन** 1986) को कुप्रबंधन, आर्थिक अनियमितताओं एवं लगातार घाटे के कारण बंद कर दिया गया, जिससे सैकड़ों मजदूर एवं कर्मचारी बेरोजगार हो गए, तथा मिल बंद होने के वर्षों बाद भी बड़ी संख्या में मजदूरों/कर्मचारियों को आज तक उनका बकाया वेतन, भविष्य निधि, ग्रेच्युटी एवं अन्य वैधानिक देयकों का भुगतान नहीं किया गया है, जिसके कारण मजदूर एवं उनके परिवार आज भी गंभीर आर्थिक एवं सामाजिक संकट का सामना कर रहे हैं; यदि हाँ, तो सरकार उक्त जिले के प्रभावित मजदूरों को उनका समुचित **बकाया / मुआवजा देने एवं पुनर्वास अथवा वैकल्पिक रोजगार** की व्यवस्था कब तक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## अनुमंडल कार्यालय का स्थानांतरण

***339 श्री आदित्य कुमार (92) (सकरा (अ० जा०)):**

**सामान्य प्रशासन विभाग :-**

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1)क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला का सकरा, मुरौल, बोचहा, कटरा प्रखंड/ अंचल मुजफ्फरपुर(पूर्वी) अनुमंडल में शामिल हैं ;

2)क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों एवं अंचलों के लोगों को मुजफ्फरपुर स्थित अनुमंडल कार्यालय(पूर्वी) आने में 35-40 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है ;

3)यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हो तो क्या सरकार अत्यधिक दूरी के मद्देनजर मुजफ्फरपुर (पूर्वी) अनुमंडल कार्यालय का मुख्यालय सकरा या मुरौल में स्थानांतरित कराने का विचार रखती है,नहीं तो क्यों?

----

## थाना की स्थापना

***340 श्री बिजय सिंह (68) (बरारी):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत समेली प्रखंड सह अंचल के लोगों को अन्य प्रखंड में स्थापित थानों में अपने कार्य हेतु फलका, पोठिया, कुर्सेला थाना में जाना पड़ता है; यदि हां तो सरकार समेली प्रखंड मुख्यालय में समेली थाना स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## द्वितीय पैनल जारी करने के संबंध ।

***341 श्री उदय कुमार सिंह (226) (शेरघाटी):**

**सूचना प्रावैधिकी विभाग :-**

क्या मंत्री, सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष-2025 में बेल्ट्रॉन के द्वारा डाटा इंट्री ऑपरेटर का परीक्षा लिया गया था, जिसमें हिन्दी टंकण में करीब दस हजार अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेल्ट्रॉन के द्वारा अधिसूचना में रिक्तियों का प्रकाशन नही रहने के बावजूद दस हजार अभ्यर्थियों में से मात्र पाँच हजार अभ्यर्थियों का ही पैनल जारी किया गया है, शेष अन्य पाँच हजार उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को छोड़ दिया गया है, जिस कारण शेष उत्तीर्ण अभ्यर्थी का भविष्य अधर में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार शेष उत्तीर्ण डाटा इंट्री ऑपरेटरों का द्वितीय पैनल जारी कराने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक, नही तो

क्यों ?

----

## थाना भवन का निर्माण

*343 **श्री विष्णु देव पासवान** (107) (**दरौली** (अ० जा०))ः

**गृह विभाग ः-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिलांतर्गत दरौली विधानसभा के दरौली प्रखण्ड थाना परिसर में पुराना भवन जर्जर स्थिति में है, जो कभी भी ध्वस्त हो सकता है, यदि हाँ , तो सरकार कब तक उक्त पुराने थाना भवन के स्थान पर मॉडर्न थाना भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*344 **श्री रणविजय साहू** (135) (**मोरवा** )ः

**गृह विभाग ः-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड अन्तर्गत मानपुरा वार्ड नं0-05 में खाता नं0- 87, खेसरा नं0- 562, रकवा-105 डिसमिल में कब्रिस्तान अवस्थित है तथा रहिमाबाद ठगवां चौक के खाता नं0-523 (पुराना) खेसरा नं0-2411 (पुराना), रकवा-54 डिसमील में भी कब्रिस्तान अवस्थित है, जिसकी घेराबंदी पूर्व में कराया गया था, जो जर्जर होकर टूट गया है जिसके कारण असामाजिक तत्वों एवं आवारा पशुओं से जनता को काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त कब्रिस्तानों की घेराबंदी कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## टी०ओ०पी० का निर्माण

*345 **श्री अरुण कुमार** (180) (**बख्तियारपुर** )ः

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर थाना के टाल क्षेत्र में धाँध पंचायत एवं दियारा क्षेत्र काला दियारा पंचायत में पुलिस टी०ओ०पी० नहीं रहने से ग्रामीणों में भय का माहौल है, यदि हाँ तो सरकार बख्तियारपुर थाना के टाल क्षेत्र में धाँध पंचायत एवं दियारा क्षेत्र काला दियारा पंचायत में पुलिस टी०ओ०पी० (Top Out Post) का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***346 श्री मनोज विश्वास (48) (फारबिसगंज):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

1. क्या यह सही है कि अररिया जिला के फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई के समीप स्थित कब्रिस्तान की अब तक घेराबंदी (चहारदीवारी) नहीं की गई है , जिससे उक्त कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण, असामाजिक गतिविधियाँ एवं अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ तो सरकार फारबिसगंज नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आईटीआई के पास स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

***347 श्री श्याम रजक (188) (फुलवारी (अ० जा०)):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि:

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत पुनपुन प्रखंड के ग्राम पंचायत केवड़ा में केवड़ा पुलिस ओ.पी. है, जिसका अपना भवन नहीं है और ओ.पी. कृषि भवन में चल रहा है, उक्त ओ.पी. के नाम पर अपना जमीन भी उपलब्ध है;

2. क्या यह बात सही है कि पुलिस ओ.पी. मेन रोड से काफी अंदर पड़ता है, जिससे पुलिस घटनास्थल पर ससमय नहीं पहुँच पाती है,

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है ,तो क्या सरकार उक्त पुलिस ओ.पी. के लिए उपलब्ध भूमि पर अपना भवन का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## स्थाई पुलिस चौकी का निर्माण

***348 श्री रजनीश कुमार (143) (तेघड़ा ):**

**गृह विभाग क्या मंत्री, गृह विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:** - (1) क्या यह सही है की बेगूसराय जिला अंतर्गत सिमरिया धाम में कार्तिक माह में राजकीय कल्पवास मेला के साथ-साथ पुरे साल भर गंगा स्नान, मुंडन एवं अन्य सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम के लिए हजारो लोग प्रतिदिन आते है, (2) क्या यह बात सही है कि उक्त सिमरिया धाम में स्थाई पुलिस चौकी नहीं रहने के कारण आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के साथ बराबर

छिनतई की घटना होती रहती है, (3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सिमरिया धाम में स्थाई पुलिस चौकी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नही तो क्यों ?

----

## अभियुक्त की गिरफ्तारी

*349 **श्री कुमार शैलेन्द्र** (152) (**बिहपुर** ):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नवगछिया पुलिस जिलान्तर्गत भवानीपुर थाना क्षेत्र के नगरपाड़ा ग्राम निवासी विवेका सिंह उर्फ विक्की सिंह की निर्मम हत्या 25 अक्टूबर 2025 को कर दी गई थी , जो भवानीपुर थाना कांड संख्या -228/25 दर्ज है ;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त कांड के 09 मुख्य अभियुक्तों ;नामजद में से 05 की गिरफ्तारी अभी तक नहीं की जा सकी है ;
3. यदि उर्पयुक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है , तो क्या सरकार उक्त थाना कांड सख्या -228/25 में दर्ज मुख्य अभियुक्तों में से 05 अभियुक्त , जो फरार है उनकी गिरफ्तारी कब तक करने विचार रखती है , नहीं तो क्यों ?

----

## थाना भवन का निर्माण

*350 **श्री शुभानंद मुकेश** (155) (**कहलगांव** ):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि भागपुर जिलान्तर्गत सन्हौला प्रखंड के सन्हौला थाना वर्तमान में आधुनिक सुविधाओं से विहीन पुराने और जर्जर भवन में चल रही है; यदि हाँ तो सरकार पुलिस बल की कार्यक्षमता बढ़ाने हेतु सन्हौला में आधुनिक सुविधाओं से युक्त नये थाना भवन का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## थाना का निर्माण

*351 **श्री अतिरेक कुमार** (78) (**कुशेश्वरस्थान (अ० जा०)**):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के कुशेश्वर स्थान प्रखंड के सतीघाट का वर्तमान थाना उक्त स्थल से काफी दूर है, जिसके कारण आये दिन अप्रिय घटनाएँ घटित होती रहती है और कानून व्यवस्था की समस्या रहती है, यदि हाँ तो सरकार सतीघाट में नया थाना का निर्माण कब तक कराना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## ओ.पी. थाना का निर्माण

*352 **श्री देवेशकान्त सिंह (111) (गोरेयाकोठी):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के लकड़ी नवीगंज प्रखंड अंतर्गत छतीसी बाजार से जामो बाजार थाना की दूरी 10 किमी है;

2. क्या यह बात सही है कि सारण गंडक नहर एवं गोपालगज जिला का बोर्डर नजदीक होने के कारण अपराधियों के लिए अपराध करने एवं घटना को अंजाम देने का सेफ जोन बन गया है, जिससे आमजनों में भय का माहौल बना रहता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार छतीसी बाजार पर ओपी थाना खोलने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*353 **श्री चेतन आनंद (221) (नवीनगर ):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगें किः-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण नगर पंचायत में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है; यदि हाँ, तो सरकार बारूण नगर पंचायत में कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## अनुमंडल का दर्जा देना

*354 **श्री रितुराज कुमार (217) (घोसी ):**

**सामान्य प्रशासन विभाग :-**

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत घोसी वर्तमान में केवल पुलिस अनुमंडल के रूप में कार्यरत है, जबकि वहाँ की जनसंख्या, क्षेत्रफल एवं प्रशासनिक कार्यभार पूर्ण अनुमंडल के अनुरूप है, घोसी क्षेत्र के नागरिकों को राजस्व, भूमि सुधार, आपूर्ति एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों हेतु दूरस्थ अनुमंडल मुख्यालयों पर निर्भर रहना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार घोसी को पूर्ण अनुमंडल का दर्जा देने हेतु कौन सी कार्रवाई करने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों?

----

## चहारदिवारी का निर्माण

*355 **श्री गौतम कृष्ण** (77) **(महिषी):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तेलवा पूर्वी पंचायत स्थित लिलजा कब्रिस्तान की अब तक चहारदीवारी का निर्माण नहीं कराया गया है; यदि हाँ तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की चहारदिवारी का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*356 **मो० तौसीफ आलम** (52) **(बहादुरगंज):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग यह बतालाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत दिघलबैंक प्रखण्ड के धनगढ़ा पंचायत के धनगढ़ा हाट के निकट स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण आवारा पशु एवं अन्य का चारागाह बना हुआ है, यदि हाँ तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पुलिस चेक पोस्ट का निर्माण

*357 **श्री सतीश कुमार सिंह यादव** (203) **(रामगढ़):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत रामगढ़ प्रखंड के कलानी चौक दुर्गावती प्रखंड के कर्मनाशा बाजार में पुलिस चौकी नहीं रहने के कारण आस-पास 15 किलोमीटर के अंदर आये दिन दुर्घटना घटती रहती है। यदि हाँ तो सरकार वर्णित स्थान पर पुलिस चेक पोस्ट कबतक खोलने की विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## सीमेंट कारखाना का संचालन

*358 **श्रीमती अनीता (239) (वारिसलीगंज ):**

**उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत बन रहे अडानी सीमेंट कारखाना वारिसलीगंज के लिये बिजली के बड़े-बड़े टावर ग्राम चैनपुरा एवं लीलाविगहा के गरीब किसानों के खेतों में गाड़ा जा रहा है | जिससे उपजाउ कृषि योग्य भूमि में खेती करने एवं घर बनाना कठिन हो गया है, जबकि उक्त सीमेंट कारखाना का संचालन सोलर प्लांट लगाकर करवाने से उक्त समस्या नहीं होगी; यदि हाँ तो क्या सरकार सोलर उर्जा प्लांट के माध्यम से उक्त सीमेंट कारखाना को कबतक संचालित करवाने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना

*359 **श्री भाई बिरेंद्र (187) (मनेर ):**

**उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री , उद्योग विभाग, यह बतालाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के इस्लामपुर प्रखण्ड में ग्राम आत्मा, सिढ़ारी लोदीपुर, पचलोवा सहित 13 ग्राम मौजा का कृषि योग्य भूमि उद्योग लगाने के नाम पर अधिग्रहण किया जा रहा है;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त ग्रामों के फुलवन्ती देवी, जगदीश यादव, सुरज कुमार सहित 100 सौ से अधिक किसानों द्वारा खेतीहर जमीन का अधिग्रहण किए जाने से भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो जायेगी;
3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त किसानों को प्रस्तावित अधिग्रहित भूभाग के बदले निर्धारित राशि का भुगतान शीघ्न कराना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

----

## यातायात पुलिस की व्यवस्था

*360 **मो० आबिदुर रहमान (49) (अररिया):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1. क्या यह बात सही है कि, अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत चाँदनी चौक, बस स्टैण्ड, जीरो माईल एवं अन्य महत्वपूर्ण चौक-चौराहे पर स्थायी रूप से यातायात पुलिस नहीं रहने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है; यदि हाँ तो सरकार उक्त स्थानों पर स्थायी यातायात पूलिस की व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है,

नहीं तो क्यों ?

----

## हवाई अड्डा का विस्तार

***361 श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (75) (सहरसा):**

**सिविल विमानन विभाग** क्या मंत्री, सिविल विमानन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सहरसा हवाई अड्डा को विस्तार देकर चालू करने के लिए वर्ष 2025 में ही मंजूरी दे दी गई है, परंतु इस दिशा में अभी तक कोई कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है, जिससे सहरसा सहित कोशी प्रमंडल के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त हवाई अड्डा को विस्तार कर चालू कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों?

----

## चीनी मिल चालू कराना

***362 श्री अजय कुमार (138) (विभूतिपुर ):**

**गन्ना उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के प्रसिद्ध सेन्ट्रल सुगर मिल भारी घाटे, पुरानी मशीनों और तकनीकी अभाव के कारण वर्ष 1997-98 में पूरी तरह बंद हो गई, जिसके कारण कई लोग बेरोजगार हो गये हैं ;

2. क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने बंद पड़ी चीनी मिलों को पुनर्जीवित करने और नई मिलें शुरू करने की मंजूरी नवम्बर-2025 को दी है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े चीनी मिल को पुनः चालू कराने का विचार रखती हैं, हाँ तो, कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का शाखा खोलना

***363 श्री बशिष्ठ सिंह (209) (करगहर):**

**वित्त विभाग :-**

क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखण्ड मुख्यालय करगहर में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का शाखा नहीं रहने के कारण

ग्रामीण जनता को बैंक सम्बंधित कार्य करने में लम्बा लाईन में खड़ा हाना पड़ता है तथा ससमय कार्य भी नहीं हो पाता है; यदि हाँ तो सरकार प्रखण्ड-करगहर मुख्यालय में स्टेट

बैंक ऑफ इंडिया का शाखा कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## बीमा संबंधी सेवा उपलब्ध कराना

*364 **श्री राजेश कुमार सिंह** (137) (**मोहिउद्दीननगर** ):

**सामान्य प्रशासन विभाग** क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगें कि :-क्या यह बात सही है कि बिहार पुलिस सेवा के अधिकारीयों को स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा संबंधी सेवा प्रदान की जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अधिकारीयों की तरह बिहार प्रशासनिक सेवा के अधिकारीयों को स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा संबंधी सेवा कब तक प्रदान करने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

*365 **श्री सिद्धार्थ सौरव** (191) (**बिक्रम** ):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत नौबतपुर प्रखण्ड स्थित पंचायत – दरियापुर, ग्राम – टरवाँ में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने से स्थानीय लोगों द्वारा कब्रिस्तान की भूमि का अतिक्रमण किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की चहारदिवारी का निर्माण

*366 **मो० कमरुल होदा** (54) (**किशनगंज**):

**गृह विभाग** :-

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि जिला किशनगंज के प्रखंड-पोठिया, अंतर्गत मौजा धुमनियां , खाता नं0 135 एवं 136 खेसरा नं0 क्रमशः-105,108 ग्राम धुमनियां में अवस्थित कब्रिस्तान की चहारदिवारी के परिमाप की कुल लंबाई 1475 फिट है जिस में से 350 फिट चहारदिवारी का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 1125 फीट का निर्माण शेष रह गया है; यदि हाँ तो सरकार उक्त कब्रिस्तान के शेष रह गये 1125 फीट कब्रिस्तान की चहार दिवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई करना

***367 श्री मनोहर प्रसाद सिंह (67) (मनिहारी (अ० ज० जा० )):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत मनीष कुमार, अवर प्रमण्डल पदाधिकारी, बाढ़ नियंत्रण, अवर प्रमण्डल अमदाबाद के प्रतिवेदन के आधार पर मो0 हुसैन, जियामारी, डा0 अंजुम, मायामारी, भोला, मुन्ना आलम, राजाराम चौधरी, कृष्णा चौधरी, चारो बोगलागढ़ के विरुद्ध अमदाबाद थाना अभियोग संख्या-242/2022 दिनांक-11.10.2022 धारा 188/427/431/332/34 भा0द0वि0 के अन्तर्गत प्राथमिकी अंकित की गयी है, लेकिन अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## खादी ग्रामोद्योग भवन पुनर्जीवित करना

***368 श्री मुरारी मोहन झा (86) (केवटी):**

**उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री ,उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि जहां एक ओर राज्य सरकार के द्वारा खादी ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने के लिए, ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर ग्रामोद्योग के विकास और पुनुरुत्थान,वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और तकनिकी सहायता प्रदान की जा रही हैं, वही 1952 में दरभंगा ज़िला के केवटी प्रखंड अंतर्गत ग्राम हाजीपुर में स्थापित खादी ग्रामोद्योग भवन में सन्नाटा पसरा हुआ हैं ,

(2) क्या यह बात सही है कि एक बीघा नौ कट्ठा में लाखों रूपये की लागत से बने उक्त खादी ग्रामोद्योग भवन की स्थिति काफी दयनीय हैं ?

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार एवं खादी ग्रामोद्योग भवन हाजीपुर, केवटी को पुनर्जीवित करने का विचार रखती हैं, हाँ तो कबतक ,नहीं तो क्यों ?

----

## खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना

***369 श्री मुरारी प्रसाद गौतम (207) (चेनारी (अ० जा०)):**

**उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत चेनारी प्रखंड में बड़े पैमाने पर टमाटर की खेती एवं बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है;

(2) क्या यह बात सही है कि चेनारी प्रखंड में टोमैटो सॉस की खाद्य प्रसंस्करण इकाई के नहीं होने के कारण किसानों को टमाटर का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है;
(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार चेनारी में टोमैटो सॉस की खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## पुलिस थाना का निर्माण

*370 **श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह** (16) **(कल्याणपुर):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कैथवलिया में निर्माणाधीन दुनिया के सबसे बड़े हिंदू मंदिर में विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग की स्थापना दिनांक 17/01/ 2026 को हुई है ;
2. क्या यह भी बात सही है की शिवलिंग एवं निर्माणाधीन मंदिर के दर्शन हेतु भारी संख्या में प्रतिदिन वहां श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं जिससे यातायात एवं विधि व्यवस्था को व्यवस्थित करना एक समस्या बनी हुई है ;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है , तो सरकार उक्त स्थान पर पुलिस थाना स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## थाना को शामिल करना

*371 **श्री कुंदन कुमार** (146) **(बेगूसराय ):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि -(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर प्रखण्ड का नौला ग्राम पंचायत का प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय वीरपुर है, किन्तु थाना भगवानपुर है, जो दूसरे विधानसभा क्षेत्र (बछवाड़ा) में पड़ता है;(2) क्या यह बात सही है कि इस विसंगति को दूर करने हेतु जिला पदाधिकारी, बेगूसराय ने अपने पत्रांक- 1551/गो०, दिनांक 23.05.2023 के द्वारा प्रशासी पदवर्ग समिति के मापदण्डों के अनुरूप स्पष्ट अनुशंसा आयुक्त (मुंगेर) के माध्यम से पुलिस मुख्यालय को भेज दी है, परन्तु ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी मुख्यालय स्तर पर फाइल लंबित है ; (3) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जिला प्रशासन की अनुशंसा को देखते हुए नौला पंचयात को यथाशीघ्र भगवानपुर थाना से पृथक कर वीरपुर थाना में शामिल करने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ? ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***372 श्री अविनाश मंगलम (47) (रानीगंज (अ० जा०)):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि अररीया जिला के भरगामा प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत नया भरगामा वार्ड न0-12 में कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं हुई है, जबकि उक्त स्थान पर कब्रिस्तान की घेराबंदी करने के लिए बार-बार सरकार से मांग की जाती है, लेकिन आज तक कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है, यदि हाँ तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कठार पंचायत का हस्थानांतरण

***374 श्री शम्भू नाथ यादव (199) (ब्रहमपुर ):**

**सामान्य प्रशासन विभाग :-**

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखण्ड के कठार पंचायत, प्रखंड मुख्यालय से 20 कि0मी0 दूरी अवस्थित है; जबकि कठार पंचायत से चक्की प्रखण्ड की दूरी 04 कि0मी0 है;

2.. क्या यह बात सही है कि कठार पंचायत से सेमरी प्रखंड मुख्यालय जाने में पंचायत के ग्रामीण जनता को काफी कठिनाई होती है, तथा वहाँ के लोगों का मुख्य बाजार भी चक्की प्रखण्ड है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उतर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कठार पंचायत को सेमरी प्रखण्ड से हटाकर चक्की प्रखण्ड में करने का विचार रखती है ,हाँ तो ,कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## भवन का निर्माण

***375 श्री विनय कुमार सिंह (122) (सोनपुर ):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री,गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-1.क्या यह बात सही है कि सारण जिला अंतर्गत दिघवारा प्रखण्ड के दिघवारा थाना का थाना भवन जर्जर स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त थाना का नया भवन कबतक बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## अभियुक्तों की गिरफ्तारी

***376 श्री आलोक कुमार मेहता (134) (उजियारपुर ):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के धोघरडीहा थाना काण्ड संख्या—164/2024 दिनांक - 04.11.2024 में गंभीर धाराओं में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से आदेश निर्गत होने के बावजूद इन अभियुक्तों को गिरफ्तारी नहीं हुई है ,यदि हाँ तो सरकार उक्त कांड के अभियुक्तों को अब तक गिरफ्तार नहीं करने का क्या औचित्य है?

----

## उद्योग लगाना

***377 श्रीमती निशा सिंह (66) (प्राणपुर):**

**उद्योग विभाग** क्या मंत्री, उद्योग विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि : -

1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अंतर्गत प्राणपुर विधानसभा क्षेत्र के आजमनगर एवं प्राणपुर प्रखंड में लघु एवं वृहद उद्योगों की संख्या नगण्य है जबकि श्रमिक बहुल्यता वाले इस क्षेत्र के अधिकांश श्रमजीवी वर्ग अपने जीविकोपार्जन के लिए दूसरे प्रदेशों पर निर्भर हैं, यदि हाँ तो सरकार कबतक निवेशकों के माध्यम से प्राणपुर में लघु एवं वृहद उद्योग लगाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## नया थाना बनाना

***378 श्री रूहेल रंजन (174) (इस्लामपुर):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

1.) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत इस्लामपुर प्रखंड में वर्तमान में इस्लामपुर थाना एवं खुदागंज थाना—कार्यरत हैं, जो प्रखंड के एक ही भौगोलिक क्षेत्र में स्थित हैं;

2. ) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड की लगभग 2,75,000 की जनसंख्या एवं विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र के अनुपात में मात्र दो पुलिस थाने होने के कारण दूरवर्ती क्षेत्रों में आपात स्थिति के समय पुलिस की त्वरित पहुँच संभव नहीं हो रही है;

3.) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं , तो क्या सरकार इस्लामपुर के दक्षिणी भाग स्थित मीना बाजार तथा पूर्वी भाग स्थित जैतीपुर में नए पुलिस थाना स्थापित करने पर विचार करती है,हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## प्रखंड सह अंचल बनाना

*379 **श्री विनय बिहारी** (05) (**लौरिया**):

**सामान्य प्रशासन विभाग** :-

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत साठी को प्रखंड सह अंचल का दर्जा नहीं मिला है, जबकि साठी को प्रखंड सह अंचल बनाने के लिए पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है ;
(2) क्या यह बात सही है कि साठी सिकरहना नदी से प्रभावित क्षेत्र है तथा लौरिया प्रखंड कार्यालय से साठी की दूरी अत्यधिक होने से वहां का स-समय अंचल का कार्य नहीं हो पाता है;
(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार साठी को प्रखंड सह अंचल बनाने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## थाना की स्थापना

*380 **श्रीमती शालिनी मिश्रा** (15) (**केसरिया**):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि : क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत कल्याणपुर प्रखंड के राजपुर पंचायत के बहुआरा (कैथवलिया) में विराट रामायण मंदिर का निर्माण हो रहा है, जहां सुरक्षा की व्यवस्था आवश्यक है, यदि हाँ तो सरकार विराट रामायण मंदिर परिसर में एक थाना की स्थापना कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## भूमिगत जेपी सेनानियों का पेंशन

*381 **श्री संदीप सौरभ** (190) (**पालीगंज** ):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—
क्या यह बात सही है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में हुए संपूर्ण क्रांति आंदोलन में शामिल उन लोगों को, जिन्हें कारावास हुआ था, जेपी सम्मान योजना के तहत पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन उसी आंदोलन के भूमिगत जेपी सेनानियों, जिन्होंने संघर्ष में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, के लिए किसी प्रकार के पेंशन का प्रावधान नहीं किया गया है यदि हाँ, तो सरकार भूमिगत जेपी सेनानियों को भी पेंशन देने हेतु प्रावधान कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पुलिस चौकी स्थापित करना

*382 **श्री रामविलास कामत (42) (पिपरा):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत किशनपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत बौराहा में बौराहा-सिमराहा के बीच बी0ओ0पी0/ पुलिस चौकी स्थापित नही है;

2. क्या यह बात सही है कि बौराहा-सिमराहा के बीच कोशी नदी के किनारे बी0ओ0पी0/ पुलिस चौकी नहीं होने से अक्सर चोरी, डकैती एवं हत्या की वारदात जैसी घटनाएँ घटित होती रहती है तथा किसी भी प्रकार की वारदात एवं कांड के संदर्भ मे 10 कि0मी0 दूर किशनपुर थाना जाना पड़ता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बौराहा घाट और सिमराहा घाट के बीच बी0ओ0पी0 स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## औद्योगिक पार्क का निर्माण

*383 **मो० सरवर आलम (55) (कोचाधामन):**

**उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अंतर्गत कोचाधामन प्रखंड में मक्का और आलू का भारी उत्पादन होता है, लेकिन उचित प्रसंस्करण की व्यवस्था न होने से किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है; यदि हाँ तो क्या सरकार उक्त क्षेत्र में कृषि आधारित औद्योगिक पार्क या फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करते हुए बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत इस क्षेत्र में निजी निवेशकों को विशेष सब्सिडी या सुविधाएं देने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन निर्माण कराना

*384 **श्री अमरेन्द्र कुमार (219) (गोह ):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत गोह प्रखण्ड अत्यन्त ही संवेदनशील क्षेत्र है ;

2. क्या यह बात सही है कि गोह थाना का भवन जर्जर हो जाने और पदाधिकारियों के आवास का भवन नही होने के कारण पदाधिकारियों एवं आम जनता को काफी कठिनाई होती है ;

3. क्या यह बात सही है कि वर्ष 2016-17 मे उपरोक्त थाने के भवन निर्माण हेतु नींव दिया गया था लेकिन आजतक भवन का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है ;
4. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है , तो सरकार कब तक गोह थाने का भवन, आगंतुक कक्ष एवं पदाधिकारियों का आवास निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदिवारी का निर्माण

***385 श्री जनक सिंह** (116) (**तरैया** ):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री , गृह विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि सारण जिलांअंतर्गत पानापुर का चहारदिवारी नही रहने से वहाँ पर पदस्थापित पुलिस कर्मियों को प्रशासनिक कार्यो में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ तो सरकार कब तक उक्त थाना का चहारदिवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों ?

----

## स्थायी पुलिस पिकेट का निर्माण

***386 श्री जिवेश कुमार** (87) (**जाले**):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा थाना एवं जाले थाना के बीच की दूरी 24 KM तथा सिंहवाड़ा थाना से कमतौल थाना के बीच की दूरी 22 km है;

2. क्या यह बात सही है कि वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा के द्वारा ज्ञापांक 1058, दिनांक 12-05-2022 को प्रचारी प्रवर, पुलिस केन्द्र, दरभंगा को निर्देशित किया गया था कि जाले प्रखण्ड के कदम चौक ब्रह्मपुर में स्थायी पुलिस पिकेट हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति अविलम्ब किया जाय;

3.यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है , तो क्या सरकार जाले प्रखण्ड के कदम चौक ब्रह्मपुर में स्थायी पुलिस पिकेट खोलने का विचार रखती है ,हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## बैंक की शाखा खोलना

***387 मोहम्मद मुर्शिद आलम** (50) (**जोकीहाट** ):

**वित्त विभाग :-**

क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

1.क्या यह बात सही है कि अररिया जिलांतर्गत जोकीहाट प्रखंड के चिरह ग्राम पंचायत के उदाहाट बाजार में तथा चैनपुर ग्राम पंचायत के मसूरिया बाजार में बैंक की शाखा नहीं है;

2.क्या यह बात सही है कि उक्त बाजारों के व्यापारियों तथा निकटवर्ती आबादी को बैंकिंग कार्यों हेतु 20-25कि०मी० दूरी तय कर जोकीहाट जाना पड़ता है, जबकि उक्त बाजारों में नये बैंक शाखा खोलने हेतु अर्हताओं को पूरी करता है;

3.यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त बाजार में राष्ट्रीय बैंक शाखा खोलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***388 डॉ. प्रकाश चंद्र (220) (ओबरा ):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के ओबरा प्रखंड अन्तर्गत भरूब पंचायत के ग्राम गोड़तार टोला तकिया एवं करसावाँ पंचायत के करसावाँ मस्जिद के पास कब्रिस्तान अवस्थित है जिसका घेराबंदी का कार्य नहीं कराया गया है, फलस्वरूप खुला में रहने के कारण असमाजिक तत्वों एवं आवारा पशुओं का आना जाना लगा रहता है जिससे कठिनाई होती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त वर्णित कब्रिस्तान की घेराबंदी कार्य कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## थाना का निर्माण

***389 श्री नीतीश मिश्रा (38) (झंझारपुर):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के झंझारपुर प्रखंड अंतर्गत कमला बलान नदी से पश्चिमी क्षेत्र में 10 ग्राम पंचायत सन्निहित है, जिसमें चार पंचायतों क्रमशः संतनगर, काको, कोठिया एवं मेंहथ भैरवस्थान थाना से पर्याप्त दूरी पर अवस्थित है तथा भौगोलिक दृष्टि से इन 4 पंचायतों की सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने में भैरव स्थान थाना को काफी कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 10 पंचायत के लिए भैरव स्थान थाना एन०एच० 27 पर स्थित है तथा एन०एच० 527ए भी गुजरती है, जिसे इन दोनों राष्ट्रीय राजमार्गो का सुरक्षा एवं दुर्घटना में संलिप्त रहता है;
(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार झंझारपुर कमला नदी से पश्चिमी क्षेत्र के लिए संतनगर अथवा काको में थाना का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई करना

***390 श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता** (11) **(सुगौली):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 307 अब नई धारा बीएनएस 109 हो गया है, मेडिकल रिपोर्ट आये बिना थानाध्यक्षों द्वारा अधिकांश मामले में इस धारा को FIR में लगा दिया जाता है, जिस कारण Accused Person को मानसिक तनाव के साथ आर्थिक दबाव को भी सहन करना पड़ता है;

2. यदि हाँ तो क्या सरकार मानवीय दृष्टिकोण से धारा 307 की समीक्षा कर अक्सर FIR में हो रहे इस धारा का दुरूपयोग को रोकने और थानाध्यक्षों को सही जाँच परख के बाद इसका प्रयोग करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## राजापट्टी थाना बनाने हेतु

***391 श्री मिथिलेश तिवारी** (99) **(बैकुण्ठपुर):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने का कृपा करेंगे कि-
1. क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर थाना अन्तर्गत 18 पंचायत आते हैं, जिसके कारण बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र की आबादी अत्यधिक हो जाती है, साथ ही थाना से अंतिम गांव की दूरी लगभग 18KM है;
2. क्या यह बात सही है कि बैकुंठपुर थाना अन्तर्गत अधिक जनसँख्या घनत्व एवं दियारा क्षेत्र होने से पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;
3. यदि उपर्युक्त खंडो के उतर स्वीकरात्मक हैं, तो क्या सरकार गोपालगंज जिला अन्तर्गत बैकुण्ठपुर थाना क्षेत्र के जिला परिषद क्षेत्र संख्या- 32 के 8 पंचायतों क्रमशः प्यारेपुर, बखरी, जगदीशपुर, कतालपुर, हमीदपुर, फैजुलाहपुर, बंगरा और गम्हारी को पृथक कर राजापट्टी थाना बनाने का विचार रखती है; हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## थाना का निर्माण

*392 **अखतरूल ईमान** (56) (**अमौर**):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिला अर्न्तगत अमौर प्रखण्ड के चार पंचायत यथा झौआरी, अधांग, तियरपारा एवं पोठियागंगेली जलाालगढ़ प्रखण्ड के जलालगढ़ थाना के अधीन है;

2.क्या यह बात सही है कि उपयुक्त चारो पंचायतों का थाना जलालगढ़ होने से ग्रामीणो को प्रशासनिक कार्यो में काफी कठिनाई होती है;

3 यदि उपर्युक्त खण्डो के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार एक अतिरिक्त थाना अमौर में अथवा चारों पंचायतों को अमौर थाना से संलग्न करने का विचार रखती है हाँ तो, कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कराना

*393 **श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव** (17) (**पिपरा**):

**उद्योग विभाग** क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की 1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चकिया प्रखंड, मेहसी प्रखंड, तेतरिया प्रखंड सहित पूरे जिला में मक्का का फसल बहुतायत में होता है लेकिन फूड प्रोसेसिंग के अभाव में किसानों को फसल का उचित कीमत नहीं मिल पाता है ; यदि हाँ, तो सरकार पूर्वी चंपारण जिला के मेहसी में मक्का प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है , नहीं ,तो क्यों?

----

## ओ० पी० थाना स्थापित करना

*394 **श्री बिजय सिंह** (68) (**बरारी**):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी प्रखंड अंतर्गत बकिया सुखाय पंचायत के दियारा क्षेत्र में ओ० पी० थाना नहीं रहने के कारण किसान डरे सहमे रहते है, यदि हाँ, तो क्या सरकार यहाँ ओ० पी० थाना स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तानों की घेराबंदी

***395 श्री अरूण सिंह (213) (काराकाट):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि राज्य में कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य कराने हेतु वर्ष 2007 में सूची तैयार की गयी थी, जिसमें में रोहतास जिलान्तर्गत 182 कब्रिस्तानों की घेराबंदी कार्य करानी थी, यदि हाँ तो सरकार घेराबंदी पूर्ण एवं घेराबंदी का कार्य कबतक कराने का विचार रखती है , नहीं तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***396 श्री रणविजय साहू (135) (मोरवा ):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग , यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शाहपुर पटोरी पंचायत अन्तर्गत वार्ड नं0-20 में गुलाब राय बबूना उच्च विद्यालय के निकट कब्रिस्तान अवस्थित है ;
2. क्या यह बात सही है कि उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों एवं आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे जनता में असंतोष है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कब तक उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## थाना का भवन निर्माण

***397 श्री श्याम रजक (188) (फुलवारी (अ० जा०)):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पुनपुन प्रखंड के पंचायत कल्याणपुर के ग्राम पीपरा में पुलिस ओ0 पी0 है, जिसका अपना भवन नहीं होने के कारण यह बैटरी गोदाम में चल रहा है, जबकि थाना के नाम पर अपना जमीन उपलब्ध है,
2. क्या यह बात सही है कि पुलिस ओ0 पी0 मेन रोड से काफी अंदर पड़ता है, जिससे पुलिस घटना स्थल पर ससमय नहीं पहुच पाती है, जिससे आम नागरिक भय में रहते हैं,
3. यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त पुलिस ओ0 पी0 के लिए उपलब्ध भूमि पर अपना भवन का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## योगदान करना

***398 श्री रजनीश कुमार** (143) (**तेघड़ा** ):

**गृह विभाग** :-

क्या मंत्री, गृह विभाग,यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गृह रक्षकों का चयन पूरा कर संबंधित अभ्यर्थियों के सभी प्रकार का दस्तावेज सत्यापन का कार्य पूर्ण करा लिया गया है;
2. क्या यह सही है कि 419 गृह रक्षकों के संपूर्ण बहाली प्रक्रिया पूरा होने के चार महीने बाद भी उनकी बुनियादी प्रशिक्षण की तिथि निर्धारित नहीं की गयी है, जिसके कारण उनका भविष्य अधर में लटका हुआ है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नवनियुक्त गृह रक्षकों का बुनियादी प्रशिक्षण पूरा कराकर योगदान कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

***399 श्री कुमार शैलेन्द्र** (152) (**बिहपुर** ):

**गृह विभाग** क्या मंत्री , गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :- 1. क्या यह बात सही है भागलपुर जिला के नवगछिया पुलिस जिलान्तर्गत बिहपुर थाना का भवन बिल्कुल ही जर्जर है , यदि हाँ तो सरकार उक्त जर्जर भवन को तोड़कर कबतक नया भवन का निर्मण कराने का विचार रखती है ,नहीं तो क्यों ?

----

## पुलिस चौकी की स्थापना

***400 श्री शुभानंद मुकेश** (155) (**कहलगांव** ):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत कहलगांव के उतरवाहिनी गंगा तट पर कार्तिक पूर्णिमा, माघी पूर्णिमा, गंगा दशहरा एवं अन्य पावन अवसरों पर न सिर्फ बिहार बल्कि झारखंड राज्य से भी श्रद्धालुओं की अपार भीड़ लगती है, जिसको देखते हुये सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम की आवश्यकता है, यदि हाँ, तो सरकार कब तक उक्त पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिय एक स्थायी पर्यटन पुलिस चौकी (Tourist Police outpost) स्थापित कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पुलिस ओ०पी० खोलना

*401 **श्री देवेशकान्त सिंह** (111) **(गोरेयाकोठी):**

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सिवान जिला के गोरेयाकोठी प्रखंड अंतर्गत जगदीशपुर बाजार से जी०बी० नगर थाना की दूरी 11 किमी है;

2. क्या यह बात सही है कि जीबी नगर थाना की दूरी 11 किमी होने के कारण जगदीशपुर बाजार पर आपराधिक वारदात कर अपराधी भाग जा रहे हैं, जिससे वहां के व्यवसायियों एवं आमजनों में खतरा का माहौल बना रहता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जगदीशपुर बाजार चौक पर पुलिस ओ.पी. कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## पुलिस पिकेट की स्थापना

*402 **श्री रितुराज कुमार** (217) **(घोसी ):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—

1. क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलांतर्गत घोसी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान थाना क्षेत्रों का भौगोलिक विस्तार तथा जनसंख्या घनत्व एवं बाजार गतिविधियाँ अधिक होने के कारण पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी पहुँच बाधित हो रही है, जिससे अपराध नियंत्रण एवं जन-सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और क्षेत्रीय आवश्यकता एवं सीमावर्ती स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए साहो बिगहा तथा मोदनगंज में नवीन पुलिस थानों की स्थापना करने की आवश्यकता है, हाँ तो सरकार उक्कत स्बथानों पर नया पुलिस थाना की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## चहारदिवारी का निर्माण

*403 **श्री गौतम कृष्ण** (77) **(महिषी):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के महिषी प्रखंड अंतर्गत भेलाही कब्रिस्तान का चहारदिवारी नहीं होने के कारण नागरिकों को परेशानी हो रही है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी/चहारदिवारी कराने का विचार रखती है , हाँ तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कब्रिस्तान की घेराबंदी

***404 मो० तौसीफ आलम (52) (बहादुरगंज):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री , गृह विभाग यह बतालाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज प्रखण्ड के महम्मदनगर के खरसैल की संवेदनशील कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं की गयी है। यदि हाँ तो सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबंदी कब तक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## प्रखंडों में फायर विग्रेड खोलना

***405 श्री सतीश कुमार सिंह यादव (203) (रामगढ़):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री गृह विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के रामगढ़, नुआँव एवं दुर्गावती प्रखंडों में फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं रहने के कारण आगजनी की घटना एवं किसानों के खेतों में आग लगने से काफी क्षति होती है, यदि हाँ तो सरकार उक्त तीनों प्रखंडों में फायर ब्रिगेड खोलने का विचार रखती है ,तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----

## चीनी मील का स्थापना

***406 श्रीमती अनीता (239) (वारिसलीगंज ):**

**गन्ना उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि नवादा, नालंदा, गया, जमुई, शेखपुरा, जहानाबाद इत्यादि जिलों में गन्ना की खेती के लिये प्रयुक्त जमीन है। इन सभी जिलों के कृषक गन्ना उत्पादन कर वारिसलीगंज स्थित चीनी मील को आपूर्ति करते थे, जो वर्तमान में बंद है;
2. क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के प्रखंड वारिसलीगंज स्थित पैंगरी पंचायत के ग्राम पैंगरी के बबुरीवन में 35 एकड़ से अधिक बिहार सरकार की जमीन उपलब्ध है;
3. यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार वारिसलीगंज स्थित पैंगरी के बबुरीवन की उक्त जमीन पर चीनी मील स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पुलिस चौकी का निर्माण

***407 श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (75) (सहरसा):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

1. क्या यह बात सही है कि नवादा जिलांतर्गत ककोलत जल प्रपात के पास कोई भी

स्थायी पुलिस चौकी नहीं होने से पर्यटकों को हमेशा भय लगा रहता है तथा शाम हो जाने के बाद कई बार पर्यटकों के साथ हिंसक घटनाएँ भी होने लगती है, जिससे पर्यटक ककोलत आने से कतराते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक ककोलत जलप्रपात के पास एक स्थायी पुलिस चौकी बनाने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## एस.आई.टी. का गठन

***408 श्री अजय कुमार** (138) (**विभूतिपुर** ):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के पिपरा थाना, केस नं0 96/22, दिनांक-26.03.2022 के नामजद 08 अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है;

2. क्या यह बात सही है कि पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी के ज्ञापांक-10438, दिनांक-31.12.25, समीक्षात्मक प्रतिवेदन-सह प्रतिवेदन-02 में भी अनुसंधानकर्ता को निर्देशित किया गया है कि सभी प्राथमिकी अभियुक्तों को अविलम्ब गिरफ्तार करें एवं फरार रहने की स्थिति में कुर्की-जप्ती की कार्रवाई की जाये लेकिन अभियुक्तों को ना ही गिरफ्तार किया गया और ना ही कुर्की-जप्ती की गयी है;

3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, दोषी पुलिस पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए उक्त केस में फरार चल रहे अभियुक्तों को गिरफ्तार करने का विचार रखती है, हाँ तो कबतक नहीं तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराना

***409 मो० कमरुल होदा** (54) (**किशनगंज**):

**गृह विभाग :-**

क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत प्रखंड पोठिया, मौजा-सोनापूर, खाता नं०-359 खेसरा नं०-161 ग्राम मनीरामभीटा में अवस्थित कब्रिस्तान की घेराबन्दी नहीं होने से आवारा पशुओं का चरागाह बना हुआ है; यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की घेराबन्दी कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## आवास का निर्माण

***410 श्री मनोहर प्रसाद सिंह** (67) (**मनिहारी (अ० ज० जा० )**):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

1. क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत मनिहारी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी का पद वर्षों पहले स्वीकृत है, लेकिन उनका निवास अबतक नहीं बनाया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, मनिहारी का आवास बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----

## पुलिस चौकी स्थापित करना

***411 श्री मुरारी मोहन झा (86) (केवटी):**

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :

1.क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत केवटी विधानसभा क्षेत्र के पंचायत मधोपट्टी स्टेट हाईवे-75 लंगड़ा मोड़ के पास आये दिन चोरी,छिना झपटी एवं मर्डर जैसी घटना बढ़ जाने से लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है, जबकि कमतौल थाना की दूरी 15 किमी एवं केवटी थाना की दूरी 20 किमी होने के कारण लगातार इस तरह की वारदात को अंजाम असामाजिक तत्वों के द्वारा दिया जाता हैं, यदि हाँ तो सरकार कबतक उक्त स्थानों के पास पुलिस चौकी स्थापित कराने का विचार रखती हैं, नहीं तो क्यों ?

----

## कारखाना खोलने के संबंध में

***412 श्री मुरारी प्रसाद गौतम (207) (चेनारी (अ० जा०)):**

**उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड अंतर्गत ग्राम अमझोर में स्थित पीपीसीएल कंपनी की 15 वर्ष पूर्व नीलामी की गई थी, जिसमें कारखाना सहित भूमि सिंबोसिस फूड कॉरपोरेशन को आवंटित की गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भूमि एवं कारखाना इस शर्त पर दिए गए थे कि सिंबोसिस फूड कॉरपोरेशन वहाँ उत्पादन इकाई (कारखाना) चालू करेगा, लेकिन सिंबोसिस फूड कॉरपोरेशन ने आज तक उत्पादन इकाई शुरू नहीं किया है,

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर उत्पादन इकाई (कारखाना) कबतक चालू कराने का विचार रखती हैं, नहीं तो क्यों?

----

## एयरपोर्ट का निर्माण

***413 श्री कुंदन कुमार (146) (बेगूसराय ):**

**सिविल विमानन विभाग :-**

क्या मंत्री, सिविल विमानन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय बिहार की औद्योगिक राजधानी है, जहाँ बरौनी रिफाइनरी, HURL, NTPC, पेप्सी प्लांट एवं सुधा डेयरी जैसे बड़े उद्योग स्थापित हैं तथा सिमरिया धाम जैसा राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तीर्थ स्थल है, जहाँ देश-विदेश से पर्यटक एवं व्यापारी आते हैं, राज्य के सघन औद्योगिक गतिविधियों और बड़ी आबादी एवं राजस्व में सर्वाधिक योगदान देने के बावजूद भी ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट नहीं है; यदि हाँ, तो सरकार कब तक बेगूसराय में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----

## कृषि आधारित उधोग की स्थापना

*414 **श्री आलोक कुमार मेहता** (134) (**उजियारपुर** ):

**उद्योग विभाग** क्या मंत्री उधोग विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-(क) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अंतर्गत उजियारपुर विधान सभा क्षेत्र में सब्जी, फल, मसाला, अन्न आदि फसलों का अत्यधिक उत्पादन होता है ?

(ख) क्या यह बात सही कि उक्त क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों के नहीं रहने से उस क्षेत्र के फल, सब्जी, मसाला, अन्न आदि का उत्पादन करने वाले किसानों को उत्पाद का सही मूल्य प्राप्त नहीं हो पाता है ?

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उजियारपुर क्षेत्र के किसानों के हित में कोई कृषि आधारित उधोग की स्थापना करने का विचार रखती है , हाँ तो कब तक, नही तो क्यो ? हाँ, तो कब तक, नही तो क्यो ?

----

## इथेनॉल प्लांट का निर्माण

*415 **श्री विनय बिहारी** (05) (**लौरिया**):

**गन्ना उद्योग विभाग :-**

क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

1. क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत अंचल प्रखंड योगापट्टी गन्ना उत्पादन में अग्रणी है, जबकि इथेनॉल प्लांट योगापट्टी में नहीं है ;

2. क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में गन्ना की अत्यधिक उत्पादन के कारण इथेनॉल प्लांट के लिए पर्याप्त जमीन की उपलब्धता है;

3. यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार योगापट्टी प्रखंड के दियारा क्षेत्र में इथेनॉल प्लांट लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कब तक, नहीं, तो क्यों?

----

## ट्रेनिंग संस्थान की स्थापना

*416 **श्रीमती शालिनी मिश्रा** (15) (**केसरिया**):

**उद्योग विभाग** क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः

1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया विधान सभा क्षेत्र में जिला औद्योगिक रोजगार ट्रेनिंग संस्थान की स्थापना की मांग प्रश्नकर्ता द्वारा पिछले 5 वर्षों से की जा रही है, परंतु अभी तक औद्योगिक रोजगार ट्रेनिंग संस्थान की स्थापना नहीं की गई है, यदि हां तो सरकार कब तक केसरिया में औद्योगिक रोजगार ट्रेनिंग संस्थान की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## कब्रिस्तान का घेराबंदी

*417 **श्री संदीप सौरभ** (190) (**पालीगंज** ):

**गृह विभाग** क्या मंत्री, गृह विभाग, यह बताने की कृपा करेंगे कि—
क्या यह सही है कि पटना जिला अंतर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड के भरतपुरा गाँव स्थित खाता संख्या 510, खेसरा 375 पर अवस्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी हेतु अंचल कार्यालय की अनुशंसा के बावजूद अभी तक घेराबंदी नहीं हुई है, जिसके कारण वहाँ अतिक्रमण की समस्या आ रही है और आये दिन विवाद एवं तनावपूर्ण स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार भरतपुरा गाँव में स्थित कब्रिस्तान की घेराबंदी कब तक कराने का विचार रखती है? नहीं, तो क्यों?

----

## अतिथिगृह का निर्माण

*418 **श्री रामविलास कामत** (42) (**पिपरा**):

**सामान्य प्रशासन विभाग** :-

क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-
1. क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत पिपरा एवं किशनपुर प्रखंड अवस्थित अतिथिगृह काफी छोटा है तथा मात्र दो कमरे हैं, जिसके कारण अतिथिगणों को ठहरने में काफी कठिनाई होती है और उक्त दोनो प्रखंड़ों में सरकारी भूमि भी उपलब्ध है, यदि हाँ तो सरकार उक्त दोनों प्रखड़ो में एक-एक अतिरिक्त अतिथिगृह भवन का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----